बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

कार्यालय आदेश

का०आ०सं०–1प / विविध–14–01 / 2019 / 84 / पं०रा०पटना, दिनांक 6 / 2 / 2026

सामान्य बिहार सरकार के सात निश्चय–03 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान–जीवन आसान" का मुख्य मकसद राज्य के सभी नागरिकों को दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाईयों को कम कर उसके जीवन को और आसान बनाना है। मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार, पटना के परिपत्र संख्या 83 दिनाक 09.01.2026 द्वारा राज्य के आमजनों को सरकारी कार्यालयों से सबंधित कार्यो में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े, इसे लेकर कतिपय दिशा–निर्देश संसूचित किया गया है। साथ ही एक सेवा संवाद पोर्टल का निर्माण किया गया है। अतएव पंचायती राज विभाग के स्तर पर आगंतुकों से प्राप्त शिकायतों के निष्पादन एवं पोर्टल पर ससमय प्रतिवेदन अपलोड किये जाने हेतु निम्न निर्णय लिया जाता है:–

2. (i) प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस (सोमवार एवं शुक्रवार) को सचिव, पचायती राज विभाग से आगंतुकों के मिलने हेतु अपराह्न 4:00 से 5:00 बजे का समय निर्धारित की जाती है।

(ii) यदि सचिव, पंचायती राज विभाग किसी अपरिहार्य कारणवश कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते है तो उनके स्थान पर उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी आगंतुकों से मिलने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

(iii) प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आगंतुकों को सम्मानपूर्वक बैठाने एवं जरूरी सुविधाओं जैसे– पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था प्रशाखा–06 (निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी) द्वारा करायी जायेगी।

(iv) प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आगंतुकों से प्राप्त शिकायत को सेवा संवाद पोर्टल पर अपलोड किये जाने का दायित्व आई०टी० प्रबंधक की होगी तथा सेवा संवाद पोर्टल के सतत् अनुश्रवण हेतु प्रशाखा–08 (जन–शिकायत) के प्रभारी पदाधिकारी सम्प्रति श्रीमती राज ऐश्वर्या श्री को नोडल पदाधिकारी नामित किया जाता है।

(v) आगंतुकों से प्राप्त शिकायत पर जिला से समन्वय स्थापित कर प्रतिवेदन प्राप्त किये जाने का दायित्व अनुश्रवण कोषांग की होगी।

3. उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांक–1प / विविध–14–01 / 2019 / 1883 / पं०रा०पटना, दिनांक 6 / 2 / 2026

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–06 एवं 11 पंचायती सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांक–1प / विविध–14–01 / 2019 / 1883 / पं०रा०पटना, दिनांक 6 / 2 / 2026
प्रतिलिपिः–प्रभारी पदाधिकारी, मिडिया कोषांग, पंचायती सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांक–1प / विविध–14–01 / 2019 / 1883 / पं०रा०पटना, दिनांक 6 / 2 / 2026
प्रतिलिपिः–आई०टी० प्रबंधक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांक–1प / विविध–14–01 / 2019 / 1883 / पं०रा०पटना, दिनांक 6 / 2 / 2026
प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव